दिनांक : 25.07.2025

समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज से मालदीव की राजकीय दौरे पर। यह मालदीव की उनकी तीसरी यात्रा होगी।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज भोपाल के गांधी चिकित्सा महाविद्यालय में सी.टी. स्कैन मशीन तथा एम.आर.आई. मशीन का करेंगे लोकार्पण।
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रायसेन में अगले महीने करेंगे रेल कोच निर्माण इकाई का भूमिपूजन।
- राजगढ़, जबलपुर, समेत प्रदेश के 10 जिलों में आज अति भारी वर्षा का आरेंज अलर्ट।

प्रधानमंत्री-मालदीव

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज दो दिन की यात्रा पर मालदीव पहुंच रहे हैं। नवंबर 2023 में राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज़्ज़ू के पदभार ग्रहण करने के बाद यह श्री मोदी की पहली और कुल मिलाकर तीसरी मालदीव यात्रा है।

वायसकास्ट- जीवन भवसार -

मालदीव में भारत के उच्चायुक्त जी. बालासुब्रमण्यम ने कहा है कि श्री मोदी, डॉ. मुइज़्ज़ू के कार्यकाल में राजकीय यात्रा पर आने वाले पहले शासनाध्यक्ष हैं। श्री बालासुब्रमण्यम ने कहा कि दोनों नेता 'व्यापक आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझेदारी' के लिए भारत-मालदीव संयुक्त दृष्टिकोण पर अमल में प्रगति का जायजा भी लेंगे।

प्रधानमंत्री विकास स्कीम-बैठक

प्रधानमंत्री विरासत का संवर्धन यानी पीएम विकास स्कीम के अंतर्गत अधिकार-प्राप्त समिति की तीसरी बैठक कल नई दिल्ली में हुई। बैठक में तकनीकी कौशल, उद्यमिता और सांस्कृतिक संरक्षण पर केंद्रित सरकारी निकायों, सार्वजनिक उपक्रमों, विश्वविद्यालयों और सामुदायिक संगठनों के 15 प्रस्तावों का मूल्यांकन किया गया। पीएम विकास स्कीम के तहत अल्पसंख्यकों के उत्थान के लिए राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम के माध्यम से ऋण सुविधा दी जाती है।

जल शक्ति मंत्री-बैठक

जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ने गंगा और इसकी सहायक नदियों के पर्यावरणीय बहाव पर कल नई दिल्ली में बैठक की। उन्होंने कहा कि नदियों में जल के बहाव को बढ़ाने के लिए एक व्यापक योजना की जरूरत है ताकि नदियों का संरक्षण और जल संसाधनों का संतुलित उपयोग हो सके। श्री पाटिल ने कहा कि यमुना में जल प्रवाह में सुधार के लिए ठोस योजना की ज़रूरत है- खासकर उन क्षेत्रों में, जहां अत्यधिक जल उपयोग और प्रदूषण की चुनौतियां हैं।

पीयूष गोयल-लंदन

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता एक ऐतिहासिक समझौता है, जिससे व्यापार, निवेश और रोज़गार को बढ़ावा मिलेगा। लंदन में प्रसार भारती संवाददाता से उन्होंने कहा कि इस अभूतपूर्व समझौते से किसानों, छोटे व्यापारियों, एमएसएमई क्षेत्रों, स्टार्टअप्स और अन्य सेवा क्षेत्रों को लाभ होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज भोपाल के गांधी चिकित्सा महाविद्यालय में अत्याधुनिक तकनीकी से युक्त सी.टी. स्कैन मशीन तथा एम.आर.आई. मशीन का लोकार्पण करेंगे। यह सुविधा प्रदेश के समस्त शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में सर्वप्रथम भोपाल में प्रारंभ की गई है। इन आधुनिकतम मशीनों से आयुष्मान भारत योजना एवं अन्य शासकीय योजनाओं के अंतर्गत आने वाले मरीजों को निःशुल्क सी.टी. स्कैन और एम.आर.आई. जाँच की सुविधा प्रदान की जाएगी।

मुख्यमंत्री नाटक

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि नाटकों के माध्यम से भारतीय इतिहास के गौरवशाली व्यक्तित्वों की जानकारी वर्तमान पीढ़ी को प्राप्त होती है। संस्कृति विभाग की संस्था मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय के सहयोग से रवीन्द्र भवन में आयोजित छह दिवसीय हरिहर राष्ट्रीय नाट्य समारोह का कल शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह संयोग है कि वे हरिहर की नगरी से आते हैं। भगवान श्रीकृष्ण की चौदह विद्याओं और चौसठ कलाओं में नाट्य शास्त्र के सभी आयाम शामिल हैं।

रक्षा मंत्री - रेल कोच निर्माण इकाई-रायसेन

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आगामी 10 अगस्त को रायसेन में 1800 करोड़ रूपए के निवेश से प्रारंभ होने वाली रेल कोच निर्माण इकाई का शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में मेसर्स बीईएमएल लिमिटेड बेंगलुरु के चेयरमेन, मैनेजिंग डायरेक्टर शांतनु रॉय, निदेशक रेल एवं मेट्रो राजीव गुप्ता, महाप्रबंधक बीईएमएल चंद्रशेखर और ईडी ओ.पी. सिंह ने सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को जानकारी दी गई कि बीईएमएल द्वारा औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन, रायसेन जिला प्रशासन और संबंधित एजेंसियों के साथ सम्पर्क कर रायसेन जिले की गौहरगंज तहसील के ग्राम उमरिया में अत्याधुनिक रेल कोच फैक्ट्री के शिलान्यास की तैयारियां की जा रही हैं। इस इकाई के फलस्वरूप 1575 व्यक्तियों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार प्राप्त होगा। इकाई को आवंटित शासकीय भूमि को रेल लाइन से जोड़ने के लिए अधिग्रहण की कार्यवाही की जा रही है।

मौसम

प्रदेश में अगले तीन दिन अति भारी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के लिए राजगढ़, जबलपुर, बालाघाट सहित 10 जिलों के लिए अति भारी वर्षा का आरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा पूरे प्रदेश में भारी वर्षा का यलो अलर्ट है। मौसम विभाग ने 26 और 27 जुलाई को कुछ जिलों में भारी से अति भारी बारिश के लिए रेड अलर्ट भी जारी किया है। इस बीच पिछले 24 घंटों में गुना, राजगढ़, नर्मदापुरम में अति भारी बारिश हुई। गुना जिले के मकसूदनगढ़ में कल 5 दशमलव 8 इंच बारिश दर्ज की गई। अशोकनगर के मुंगावली के कई गॉवों में बाढ़ जैसे हालात है। विदिशा में भी सभी नदी नाले उफान पर है। भोपाल, इन्दौर और रायसेन में भी आज सुबह से बारिश हो रही है।

क्रिकेट

मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के चौथे टेस्ट मैच के दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 2 विकेट पर 225 रन बना लिए हैं। ओली पोप और जो रूट क्रीज पर हैं और आज तीसरे दिन पारी को आगे बढ़ाएंगे।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज गुना जिले में आयोजित ‘‘आभार सभा‘‘ कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। चांचौड़ा के बीनागंज मंडी प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।
- हरियाली महोत्सव के उपलक्ष्य में कल खंडवा जिले के शक्कर तालाब क्षेत्र में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन नगर निगम द्वारा किया गया।
- शिवपुरी में कल जल जीवन मिशन के तहत गठित जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई।
- हरियाली अमावस्या के अवसर पर ‘‘एक पेड़ मां के नाम अभियान 2025‘‘ अंतर्गत आगरमालवा जिले के मारूबर्डिया में ग्रामीणजन, स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा पौधारोपण में सहभागिता कर 600 से अधिक पौधों का रोपण किया।

- धार जिले के गंधवानी विकासखंड के ग्राम पंचायत खोड में कल पंचायत भवन में संकुल स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया।
- मंडला कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने कहा कि मध्यप्रदेश शासन ने आम जनता के हित को ध्यान में रखते हुए राजस्व न्यायालय प्रतिदिन लगाने का निर्णय लिया है।
- निवाड़ी कलेक्टर के निर्देशानुसार तहसीलदार ओरछा सुनील वाल्मीक एवं जिला आपूर्ति अधिकारी सरिता अग्रवाल ने ओरछा में खाद्य पदार्थों एवं मिष्ठान भंडार प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया।
- देवास जिले के कन्नौद विकासखंड के सभी सरपंचों एवं अन्य संबंधितों को पंचायत राज व्यवस्था और पंचायत सशक्तिकरण विषय पर प्रशिक्षण दिया गया।
- शहडोल के शासकीय मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की सीट बढ़ाने की मंजूरी मिलने के बावजूद इस सत्र में इसका लाभ नहीं मिल रहा है। 50 अतिरिक्त सीटों के संचालन के लिए अभी और इंतजार करना पड़ेगा।
- कटनी में उर्वरक की कालाबाजारी, अवैध भंडारण, अवैध परिवहन पर कठोर कार्रवाई की गई है। कलेक्टर ने अवैध रूप से उर्वरक विक्रेता के विरूद्ध बरही पुलिस थाना में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

-------